**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 623**
**06 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत आवंटित निधि**

**623. श्रीमती कनिमोझी करुणानिधिः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (स्वनिधि) योजना की शुरुआत से लेकर अब तक आवंटित निधि का राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्रवार ब्यौरा क्या है;

(ख) विशेष रूप से तमिलनाडु में स्वनिधि योजना की शुरुआत के पश्चात् से इसके अंतर्गत लाभार्थियों का जिलेवार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने, तमिलनाडु के विशेष संदर्भ में, उन लाभार्थियों की संख्या संबंधी कोई डेटा संकलित किया है जिन्होंने शुरुआती 10,000 रुपये का ऋण समय पर चुकाने के पश्चात् 20,000 रुपये और आगे 50,000 रुपये का ऋण लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी जिलेवार ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा फर्जी और अयोग्य लाभार्थियों को स्वनिधि योजना का लाभ पाने से रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क): पीएम स्वनिधि एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को कोई निधियां जारी नहीं की जाती है। ऋण राशि बैंकों द्वारा सीधे लाभार्थियों के खातों में संवितरित की जाती है।

(ख): 30 जनवरी, 2025 तक, पीएम स्वनिधि योजना के तहत ऋण संवितरित किए गए लाभार्थियों की संख्या इसकी शुरुआत से अब तक 68.02 लाख है। तमिलनाडु में, इस योजना के तहत 3.99 लाख लाभार्थी हैं। तमिलनाडु राज्य में लाभार्थियों का जिलावार विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है ।

(ग): 30 जनवरी, 2025 तक तमिलनाडु में लगभग 2.28 लाख लाभार्थियों ने पहली किश्त का ऋण चुकाया है, जिसमें से 1.37 लाख लाभार्थियों ने दूसरी किश्त का ऋण लिया है। इसके अलावा, 45,363 लाभार्थियों ने दूसरी किश्त का ऋण चुकाया है, जिसमें से 26,955 लाभार्थियों ने तीसरी किश्त का ऋण लिया है। जिलेवार विवरण अनुलग्नक-II में दिया गया है।

(घ): पीएम स्वनिधि योजना के लाभ तक फर्जी और अयोग्य लाभार्थियों की पहुंच को रोकने और बड़ी संख्या में आवेदनों की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए, एक एन्ड टू एन्ड आईटी पोर्टल - www.pmsvanidhi.mohua.gov.in विकसित किया गया है। सभी स्ट्रीट वेंडरों को इस पोर्टल के माध्यम से योजना के लाभ के लिए आवेदन करना अनिवार्य है। संचालन को आसान बनाने के लिए, मोबाइल एप्लिकेशन की सुविधा भी उपलब्ध है। इसके अलावा, स्ट्रीट वेंडरों के पास ऑनलाइन आवेदन पूरा करने के लिए सत्यापन के बाद संबंधित यूएलबी द्वारा जारी किया जाने वाला या तो विक्रय प्रमाणपत्र (सीओवी) या अनुशंसा पत्र ( एलओआर ) होना चाहिए। इसके अलावा, ऋण देने वाली संस्थाएं भी ऋण स्वीकृत करने से पहले प्राप्त आवेदनों की जांच करती हैं।

*****

**दिनांक 06 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 623 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-1**

**पीएम स्वनिधि योजना के तहत तमिलनाडु में लाभार्थियों की जिलावार संख्या दर्शाने वाला विवरण**

| क्र.सं. | जिले का नाम | लाभार्थियों की कुल संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अरियालुर | 1,037 |
| 2 | चेंगलपट्टू | 4,378 |
| 3 | चेन्नई | 1,00,429 |
| 4 | कोयंबटूर | 31,672 |
| 5 | कुड्डालोर | 9,790 |
| 6 | धर्मपुरी | 2,675 |
| 7 | डिंडीगुल | 9,350 |
| 8 | इरोड | 11,781 |
| 9 | कल्लाकुरिची | 1,311 |
| 10 | कांचीपुरम | 14,753 |
| 11 | कन्याकुमारी | 9,638 |
| 12 | करूर | 5,232 |
| 13 | कृष्णागिरी | 4,098 |
| 14 | मदुरै | 18,393 |
| 15 | माइलादुत्रयी | 2,236 |
| 16 | नागपट्टिनम | 2,810 |
| 17 | नमक्कल | 7,655 |
| 18 | पेरम्बलुर | 966 |
| 19 | पुदुक्कोट्टई | 3,509 |
| 20 | रामनाथपुरम | 4,653 |
| 21 | रानीपेट | 1,416 |
| 22 | सलेम | 19,550 |
| 23 | शिवगंगा | 4,529 |
| 24 | तेनकासी | 3,755 |

| | | |
|---|---|---|
| 25 | तंजावुर | 9,680 |
| 26 | नीलगिरी | 4,682 |
| 27 | थेनी | 9,707 |
| 28 | तिरुवल्लुर | 6,635 |
| 29 | थिरुवरुर | 3,588 |
| 30 | तिरुचिरापल्ली | 18,372 |
| 31 | तिरुनेलवेली | 10,207 |
| 32 | तिरुपथुर | 2,800 |
| 33 | तिरुपूर | 16,399 |
| 34 | तिरुवन्नामलाई | 5,583 |
| 35 | तूतीकोरिन | 8,966 |
| 36 | वेल्लोर | 13,365 |
| 37 | विल्लुपुरम | 6,159 |
| 38 | विरुधुनगर | 7,647 |
| | **कुल** | **3,99,406** |

(डेटा स्रोत: पीएम स्वनिधि पोर्टल)

**दिनांक 6 फरवरी 2025 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 623 के भाग (ग) उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-॥**

**पीएम स्वनिधि योजना के तहत तमिलनाडु में संवितरित दूसरे और तीसरे ऋण का जिलेवार दर्शाने वाला विवरण**

| क्र. सं. | जिले का नाम | ऋण किश्त -1 | | ऋण किश्त -2 | | ऋण किश्त -3 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | संवितरित ऋण | चुकाए गए ऋण | संवितरित ऋण | चुकाए गए ऋण | संवितरित ऋण | चुकाए गए ऋण |
| 1 | अरियालुर | 1,037 | 590 | 371 | 185 | 107 | - |
| 2 | चेंगलपट्टू | 4,378 | 2,494 | 1,727 | 584 | 372 | - |
| 3 | चेन्नई | 1,00,429 | 53,578 | 33,457 | 10,083 | 5,959 | 5 |
| 4 | कोयंबटूर | 31,672 | 19,121 | 11,123 | 3,980 | 2,336 | 2 |
| 5 | कुड्डालोर | 9,790 | 6,469 | 4,176 | 1,245 | 805 | 1 |
| 6 | धर्मपुरी | 2,675 | 1,397 | 606 | 241 | 101 | - |
| 7 | डिंडीगुल | 9,350 | 6,055 | 3,680 | 1,508 | 731 | 4 |
| 8 | इरोड | 11,781 | 6,546 | 3,917 | 1,346 | 730 | - |
| 9 | कल्लाकुरिची | 1,311 | 908 | 441 | 123 | 64 | 2 |
| 10 | कांचीपुरम | 14,753 | 6,825 | 3,896 | 1,117 | 727 | 2 |
| 11 | कन्याकुमारी | 9,638 | 6,365 | 4,508 | 1,761 | 1,181 | 19 |
| 12 | करूर | 5,232 | 3,091 | 1,899 | 778 | 484 | 3 |
| 13 | कृष्णागिरी | 4,098 | 2,367 | 1,407 | 552 | 326 | 5 |
| 14 | मदुरै | 18,393 | 12,673 | 9,017 | 3,608 | 2,233 | 3 |
| 15 | माइलादुत्रयी | 2,236 | 1,239 | 756 | 227 | 144 | - |
| 16 | नागपट्टिनम | 2,810 | 2,166 | 1,381 | 638 | 487 | - |
| 17 | नमक्कल | 7,655 | 4,226 | 2,314 | 629 | 328 | - |
| 18 | पेरम्बलुर | 966 | 566 | 219 | 101 | 43 | 1 |
| 19 | पुदुक्कोट्टई | 3,509 | 2,113 | 1,377 | 578 | 344 | 2 |
| 20 | रामनाथपुरम | 4,653 | 2,794 | 1,525 | 373 | 214 | 2 |
| 21 | रानीपेट | 1,416 | 445 | 240 | 67 | 22 | - |
| 22 | सलेम | 19,550 | 8,681 | 3,280 | 633 | 302 | 1 |
| 23 | शिवगंगा | 4,529 | 2,597 | 1,631 | 476 | 290 | 1 |
| 24 | तेनकासी | 3,755 | 1,865 | 1,152 | 294 | 182 | - |
| 25 | तंजावुर | 9,680 | 5,745 | 2,934 | 937 | 528 | 5 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | नीलगिरी | 4,682 | 2,794 | 1,853 | 701 | 409 | 2 |
| 27 | थेनी | 9,707 | 5,971 | 4,258 | 1,810 | 1,163 | 2 |
| 28 | तिरुवल्लुर | 6,635 | 4,749 | 2,265 | 672 | 378 | - |
| 29 | थिरुवरुर | 3,588 | 2,437 | 1,322 | 618 | 332 | 2 |
| 30 | तिरुचिरापल्ली | 18,372 | 11,163 | 7,534 | 2,546 | 1,692 | 1 |
| 31 | तिरुनेलवेली | 10,207 | 6,332 | 3,952 | 1,274 | 798 | - |
| 32 | तिरुपथुर | 2,800 | 1,522 | 822 | 231 | 115 | - |
| 33 | तिरुपूर | 16,399 | 8,943 | 4,400 | 1,156 | 556 | - |
| 34 | तिरुवन्नामलाई | 5,583 | 3,591 | 2,153 | 850 | 398 | 1 |
| 35 | तूतीकोरिन | 8,966 | 4,678 | 2,705 | 767 | 447 | 1 |
| 36 | वेल्लोर | 13,365 | 6,931 | 3,979 | 984 | 551 | 3 |
| 37 | विल्लुपुरम | 6,159 | 3,669 | 2,462 | 706 | 471 | 17 |
| 38 | विरुधुनगर | 7,647 | 4,373 | 2,454 | 984 | 605 | 4 |
| | **कुल** | **3,99,406** | **2,28,069** | **1,37,193** | **45,363** | **26,955** | **91** |

(डेटा स्रोत: पीएम स्वनिधि पोर्टल)